महत्वपूर्ण एवं खास

विधायक देवेंद्र यादव को नही मिली जमानत, 27 तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे

रायपुर/बलौदाबाजार (आरएनएस)। बलौदाबाजार हिंसा मामले में गिरफ्तार भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव को कोर्ट से बड़ा झटका मिला है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। अब विधायक देवेंद्र यादव को 27 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में रहना होगा। मंगलवार को जिला सत्र न्यायालय बलौदाबाजार में न्यायाधीश अजय खाखा के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने विधायक देवेन्द्र यादव की जमानत याचिका को खारीज करते हुए उनकी न्यायिक रिमांड को 7 दिनों के लिए बढ़ा दी है। जिसके चलते अब विधायक यादव 27 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में ही रहेंगे।

डबरी में डूबने से दो मासूमों की मौत,गांव में पसरा मातम

बीजापुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ है. दुगोली गांव में खेलते-खेलते डबरी में डूबने से दो मासूम बच्चियों की मौत हो गई है. घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया है. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है. जानकारी के अनुसार, नैमेड थाना क्षेत्र के दुगोली गांव के बीच पारा में निवासरत तेलम परिवार हर दिन की तरह मंगलवार के दिन खेत में काम करने गया हुआ था. परिजनों के साथ दो मासूम बच्चियां भी खेत में गई हुई थी. इस दौरान शाम को खेत में खेलते-खेलते डबरी में गिरने से दोनों मासूमों की डूबने से मौत हो गई. एक बच्ची का नाम रंजना तेलम और दूसरी बच्ची का नाम पदमा तेलम बताया जा रहा है. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दोनों बच्चों का पंचनामा तैयार कर, पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंपा दिया है.

तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक में जा घुसी, चालक की मौत

दुर्ग (आरएनएस)। जिले में तेज रफ्तार एसयूवी कार खड़े ट्रक के पीछे जा घुसी। हादसे में कार ड्राइवर की मौके पर मौत हो गई। वहीं दोस्त गंभीर रूप से घायल है। घायल को राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पूरा मामला स्मृति नगर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार हादसा सोमवार शाम करीब 6 बजे हुआ। कार इतनी रफ्तार में थी कि ट्रक से टकराने के बाद चकनाचूर हो गई। इंजन वाला हिस्सा पूरी तरह अंदर की ओर धंस गया है। बताया जा रहा है कि कार बनने आई थी, जिसे ट्रायल के लिए लेकर गए थे, तभी हादसा हुआ है। रद्यह्यश क्रद्गड्डस्र - रूरूर देवेंद्र यादव को बलौदाबाजार कोर्ट लेकर जा रही पुलिस स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि भारत गैस का सिलेंडर ले जाने वाला ट्रक ट्रक अवंती बाई चौक के पास सडक़ किनारे खड़ा था, तभी एक कार तेज रफ्तार में आई। कार को राधिका नगर निवासी विनय मिश्रा चला रहा था। उसके बगल में फरीद नगर निवासी शफीक खान नाम का युवक बैठा था। पुलिस ने बताया कि विनय कार को कंट्रोल नहीं कर पाया। सडक़ किनारे खड़े ट्रक के पीछे जा घुसा। हादसे में कार के एयर बैग नहीं खुलने से ड्राइवर उसी के साथ दब गया। विनय मिश्रा को काफी अंदरुनी चोटें आई है।

चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। शहर के खपराभट्टी क्षेत्र में चाकू लहराकर आम लोगों को आतंकित कर रहे एक युवक को आजाद चौक पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से चाकू बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार शहर की आजाद चौक थाना पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि खपराभटठी प्रदीप कबाडी दुकान के आगे मे एक युवक अपने हाथ मे चाकू लेकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तथा युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया और उसके पास से चाकू बरामद किया गया। पूछताछ करने पर अपना युवक ने अपना नाम मयंक तिवारी पिता राजेश तिवारी उम्र 26 साल निवासी खपराभटठी आमापारा रायपुर का रहने वाला बताया। मामले में पुलिस ने आरोपी को धारा 25,27 आम्र्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

छत्तीसगढ़ में पढ़ने वाले बच्चों पर रहेगी अब शासन की सीधी नजर

❒ रायपुर में स्थापित हुआ विद्या समीक्षा केंद्र

रायपुर । आरएनएस

छत्तीसगढ़ के स्कूलों में पढऩे वाले बच्चों के प्रदर्शन पर नजर रखने के लिए राजधानी रायपुर में विद्या समीक्षा केंद्र स्थापित किया गया है। स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में राज्य में एक और बड़ी पहल की गई है, जिसमें स्कूलों के साथ उनमें पढऩे वाले प्रत्येक बच्चे के प्रदर्शन पर भी अब सीधी नजर रखी जाएगी। सॉफ्टवेयर एवं मोबाइल एप्प का विकास तथा कॉल सेंटर के माध्यम से मॉनिटरिंग आई.आई.टी. भिलाई के सहयोग से किया जा रहा है।

स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की ऑनलाईन मॉनिटरिंग एवं आंकड़ों के विश्लेषण करने के लिए रायपुर स्थित पेंशन बाड़ा में विद्या समीक्षा केन्द्र की स्थापना की गई है। इस केन्द्र के माध्यम से शासन की योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू एवं मॉनिटरिंग करने में आसानी होगी। स्कूल और उनमें पढऩे वाले एक-एक बच्चों के प्रदर्शन का रीयल टाइम ब्यौरा मुहैया कराएगा।

विद्या समीक्षा केंद्र की स्थापना से शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित जानकारी एवं सुविधाओं को विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षकों तक आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। शालाओं में मूलभूत संरचनाओं की उपलब्धता, मरम्मत, उपयोगिता आदि की सतत् मॉनिटरिंग की जायेगी ताकि विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए उचित एवं पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हो सके तथा बेहतर शिक्षा प्रदान की जा सके। इसके द्वारा शिक्षकों की पदस्थापना से सबंधित जानकारियों की भी मॉनिटरिंग की जा रही है।

विद्या समीक्षा केन्द्र के अंतर्गत शिक्षकों का विवरण, यूडाइस डाटा, मध्यान्ह भोजन, शिक्षक प्रशिक्षण से सबंधित मॉनिटरिंग, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की दैनिक उपस्थिति, अधिकारियों के द्वारा शालाओं का निरीक्षण, विद्यार्थियों का मूल्यांकन आदि तथा केन्द्र सरकार से सबद्ध शैक्षिक योजनाओं की नियमित आनलाइन मानिटरिंग की जायेगी। योजनाओं की मॉनिटरिंग हेतु साफ्टवेयर एवं एप्प भी तैयार किया जा रहे हैं। योजनाओं की मॉनिटरिंग हेतु काल सेंटर स्थापित किया गया है। विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षकों की शैक्षिक गतिविधियों से संबंधित समस्याओं का समाधान करने के लिये एक टोल-फ्री नम्बर भी जारी किया जायेगा।

स्कूल में मूलभूत सुविधाएँ जैसे शाला भवन, शौचालय, विद्युत् व्यवस्था आदि उपलब्ध है अथवा नहीं है, के सबंध में एआई आधारित माड्यूल के उपयोग से जानकारी प्राप्त की जा रही है। प्राप्त जानकारियों की सूची के साथ की सहायता से स्कूलों का चिन्हांकन भी किया जा रहा है।

एआई के उपयोग से ही बच्चों को दी जाने वाली मध्यान्ह भोजन की जानकारी प्राप्त की जा रही है। एआई के माध्यम से ही मध्यान्ह भोजन के अंतर्गत बच्चों को परोसी जानी वाली सामग्रियों की गुणवत्ता का विश्लेषण किया जायेगा जिससे बच्चों को पर्याप्त मात्रा में भोजन मिल रहा है कि नहीं इसकी जानकारी भी प्राप्त हो सकेगी। एआई (रह्म्ह्लद्बद्धद्बष्द्बड्डद्य ढ़्ढठ्ठह्लद्गद्यद् यद्बद्दद्गठ्ठष्द्र) के उपयोग से शिक्षकों के डाटा के विश्लेषण की सुविधा भी विद्या समीक्षा केन्द्र के अंतर्गत तैयार की गई है। विषयवार शिक्षकों की जानकारी, अतिशेष शिक्षकों की जानकारी, एकल शिक्षकों की जानकारी भी प्राप्त की जा सकेगी। भविष्य में एआई के उपयोग से विद्यार्थियों के अकादमिक आंकलन/मूल्यांकन का विश्लेषण किया जायेगा जिससे कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष फोकस किया जा सकेगा। शाला में उपलब्ध सुविधाएँ, शिक्षकों की जानकारी तथा विद्यार्थियों के अकादमिक गतिविधियों के आंकड़े के आधार पर एआई आधारित विश्लेषण किया जायेगा। प्राप्त जानकारी एवं विभिन्न पैरामीटर के आधार पर शालाओं की रैंकिंग की जाएगी।

ज्ञातव्य है कि एन.सी.ई.आर.टी. के द्वारा 12-13 अगस्त 2024 को नई दिल्ली में विद्या समीक्षा केंद्र के सम्बन्ध में कार्यशाला का आयोजन किया था जिसमें छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के नोडल आफिसर शामिल हुये थे। उक्त कार्यशाला में विद्या समीक्षा केंद्र छत्तीसगढ़ द्वारा विकसित एआई-मॉड्यूल की जीवंत प्रस्तुतीकरण किया गया जिसकी भारत शासन, शिक्षा मंत्रालय द्वारा सराहना की गई। छत्तीसगढ़ के एआई-मॉड्यूल को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष कार्य करने तथा अन्य राज्यों के साथ साझा करने के सम्बन्ध में भारत शासन से ई-मेल प्राप्त हुआ है। शीघ्र ही एआई-मॉड्यूल को विकसित रूप भारत शासन, शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी, 5 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी

रायपुर । आरएनएस

प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। कई हिस्सों में अभी भी रूक रूककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज मंलगवार को कई जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। हालांकि मौसम साफ होने के बाद बीते कुछ दिनों से तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है और इससे उमस भी बढ़ी है।

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, रायगढ़ और बीजापुर जिलों में एक-दो स्थानों पर बिजली गिरने और भारी बारिश की चेतावनी दी है। इन क्षेत्रों के लिए विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं दुर्ग जिले में बारिश नहीं होने से सूखे की स्थिति बन रही है। जिले में बारिश का औसत सामान्य से 20 फीसदी कम है।

आपको बता दें कि सोमवार सुबह से ही रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में मौसम साफ रहा। हालांकि कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा भी हुई। प्रदेश में बलरामपुर जिले के कुसमी में सर्वाधिक वर्षा सात सेमी हुई। आने वाले तीन दिनों तक मौसम का रुख ऐसा ही बना रहेगा, उसके बाद फिर 10 से बदलने वाला है और प्रदेश में व्यापक वर्षा होगी।

आपको बता दें कि प्रदेश में एक जून 2024 से अब तक राज्य में 793.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 18 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1720.6 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 436.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

छत्तीसगढ़ में अब तक 811.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज- राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 811.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 21 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1740.2 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 443.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 811.0 मिमी, बलरामपुर में 1170.0 मिमी, जशपुर में 656.1 मिमी, कोरिया में 826.6 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 820.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 693.0 मिमी, बलौदाबाजार में 837.4 मिमी, गरियाबंद में 778.7 मिमी, महासमुंद में 585.5 मिमी, धमतरी में 735.4 मिमी, बिलासपुर में 734.0 मिमी, मुंगेली में 793.9 मिमी, रायगढ़ में 724.6 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 461.5 मिमी, जांजगीर-चांपा में 812.6 मिमी, सक्ती 679.4 मिमी, कोरबा में 1016.0 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 762.0 मिमी, दुर्ग में 520.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 642.8 मिमी, राजनांदगांव में 837.4 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 935.1 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 597.2 मिमी, बालोद में 857.6 मिमी, बेमेतरा में 468.2 मिमी, बस्तर में 890.1 मिमी, कोण्डागांव में 809.8 मिमी, कांकेर में 1041.4 मिमी, नारायणपुर में 944.2 मिमी, दंतेवाड़ा में 1028.1 मिमी और सुकमा जिले में 1119.4 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

जंगली सुअर व चीतल का शिकार करने के आरोप में एक गिरफ्तार

कोरबा । आरएनएस

कोरबा जिले में जंगली सुअर और चीतल की शिकार के मामले में कथित छठवां आरोपी भी गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा हैं की वन विभाग की टीम ने उसे पड़ोसी जिले से पकडऩे में सफलता पाई है। मामले में वन्य प्राणी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। इससे पहले कथित पांच आरोपी जेल दाखिल किए जा चुके हैं।

जानकारी के अनुसार मामला कोरबा जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत पाली वन परिक्षेत्र में 18 जुलाई को सामने आया था। डीएफओ कुमार निशांत को मुखबीर सूचना मिली थी कि पाली रेंज के ग्राम दमिया के जंगल में वन्यप्राणियों को शिकार किया गया है। डीएफओ के निर्देश व एसडीओ चंद्रकांत टिकरिहा के मार्गदर्शन तथा रेंजर संजय लकड़ा के नेतृत्व में सात सदस्यीय टीम ने छापामार कार्यवाही की। इस दौरान आरोपी तो हाथ नही लगे, लेकिन तलाशी के दौरान एक स्थानीय ग्रामीण के मकान से मृत जंगली सुअर और चीतल के मांस के अलावा भारी मात्रा में शिकार का काम आने वाला सामान बरामद हुआ। बाद में कथित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

मुख्यमंत्री साय ने आज मंत्रालय में ई-आफिस प्रणाली और स्वागतम पोर्टल का किया शुभारंभ

रायपुर (आरएनएस)। मंत्रालय में आमजनों के प्रवेश को आसान बनाने ऑनलाईन आवेदन की सुविधा आरंभ करने स्वागतम पोर्टल का शुभारंभ किया गया। ई ऑफिस प्रणाली के पेज पर शासन के सभी विभागों में ई ऑफिस प्रणाली लागू करने के निर्देश ऑन लाईन मुख्य सचिव को जारी कर प्रणाली का शुभारंभ किया। ई ऑफिस प्रणाली की शुरुआत पहले सामान्य प्रशासन विभाग में लागू की जा रही है। जिसे क्रमश: सभी विभागों में लागू किया जाएगा। ई-आफिस प्रणाली और स्वागतम पोर्टल सुशासन के क्षेत्र में राज्य सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है। ई-आफिस प्रणाली में आफिस के दस्तावेज डिजिटल किये जाएंगे। दस्तावेज को एक आफिस से दूसरे आफिस में भेजे जाने पर काफी समय लगता है। यह समय बच जाएगा। इसके साथ ही दस्तावेज में हेरफेर किये जाने की आशंका समाप्त हो जाएगी। दस्तावेजों के खोने या गायब होने की दिक्कत नहीं रहेगी। डिजिटल माध्यम में दस्तावेज अधिक सुरक्षित रहेंगे। ई-आफिस सिस्टम आने से फाइलों का समय पर निराकरण हो सकेगा। तय समयसीमा पर फाइलों का निराकरण हो सकेगा। इससे अधिकारियों के कामकाज की मानिटरिंग भी आसान हो सकेगी। आम जनता के लिए भी अपने आवेदनों के निराकरण की स्थिति जानने में आसानी होगी। मंत्रालय में प्रवेश हेतु स्वागतम पोर्टल में ऑनलाईन आवेदन करने पर बिना प्रतीक्षा किए, बिना कतार में लगे, बिना देरी के एसएमएस और ई-मेल के माध्यम से मिलने के समय की जानकारी मिल जाएगी। इससे आम नागरिकों का काफी समय बच जाएगा।

लापता युवक का जंगल में मिला शव, सीने में मारी गई तीन गोलियां

अंबिकापुर । आरएनएस

अंबिकापुर के बड़े व्यवसायी और अंबिका स्टील इंडस्ट्रीज के संचालक के पुत्र का शव बुधवार सुबह गांधीनगर थानाक्षेत्र के चठिरमा में जंगल किनारे मिला है। युवक मंगलवार से लापता था जिसको परिजन तथा पुलिस तलाश कर रही थी। बताया जा रहा है कि युवक की गोली मारकर हत्या की गई है। मामले में पुलिस ने अंबिका स्टील के पूर्व कर्मचारी को हिरासत में लिया है तथा पुछताछ कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार अंबिका स्टील इंडस्ट्रीज के संचालक महेश केडिया का पुत्र अक्षत अग्रवाल (25) मंगलवार शाम अपनी कार लेकर घर से निकला था। शाम को जब परिजनों ने उसे फोन किया तो उसका फ ोन बंद बता रहा था। परिजन परेशान होकर उसकी तलाश में जुट गये थे तथा देर रात तक उसका पता नहीं चलने पर परिजनों ने गांधीनगर पुलिस थाने में गुमशुदगी की सूचना दी। इधर रात भर भी अक्षत घर नही लौटा और बुधवार की उसकी लाश मिलने की सूचना मिली।

दरअसल कुछ लोगों ने चठिरमा गौशाला से लगे जंगल के पास एक हुंडई कार संदिग्ध अवस्था में देखी जिसकी ड्राइवर सीट पर एक युवक मृत अवस्था में था। लोगों ने इसकी सूचना गांधीनगर पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव देखा तो उसकी शिनाख्त लापता अक्षत अग्रवाल के रूप में हुई। जिसके बाद पुलिस ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। जांच में पुलिस को पता चला कि अक्षत की गोली मारकर हत्या की गई है। बताया जा रहा है कि अक्षत के सीने में तीन गोलियां मारी गई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मंगलवार को अक्षत केडिया के साथ पूर्व में अंबिका स्टील इंडस्ट्रीज में काम करने वाले संजीव मंडल को कार में देखा गया था। जिसके आधार पर पुलिस ने पूर्व कर्मचारी संजीव मंडल को संदेही मानते हुए हिरासत में लिया है और पुछताछ कर रही है।

आकाशीय बिजली की चपेट में आकर 20 मवेशियों की मौत

कोरबा । आरएनएस

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 20 मवेशियों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस में मौके का निरीक्षण किया। पोस्टमार्टम के लिए पशु चिकित्सा विभाग को जानकारी दी गई। घटना कोरबा विकासखंड से करीब 20 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत केराकछार की है।

मिली जानकारी के अनुसार केराकछार के ग्रामीणों ने मवेशियों को चराने 2 चरवाहे की व्यवस्था की है। प्रतिदिन की तरह बुधवार की सुबह भी चरवाहे मवेशियों को लेकर चराने जंगल गए थे। वे 11 बजे गांव के करीब एक जगह पर आराम कर रहे थे। थोड़ी दूर में ही मवेशी भी बैठे थे। इस बीच अचानक मौसम बदला। तेज गरज के साथ बूंदाबांदी होने लगी। चरवाहे मवेशियों को लेकर बस्ती की ओर ले जाते, इससे पहले ही आकाशीय बिजली गिरी। जिसकी चपेट में आने से 9 गाय, 7 बैल और 4 बछड़े की मौके पर मौत हो गई, जबकि कई मवेशी झुलस गए। इसी दौरान चरवाहे थोड़ी दूरी पर थे जिसके कारण उनकी जान बच गई। चरवाहों ने गांव पहुंचकर घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर रजगामार पुलिस चौकी प्रभारी मानसिंह ध्रुव अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने मौके का मुआयना करते हुए पोस्टमार्टम के लिए पशु चिकित्सा विभाग को जानकारी दी।

सरकारी पीडीएस या रुपए का गबन करने वालों से वसूली करें एसडीएम : कलेक्टर

सारंगढ़ बिलाईगढ़

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के प्रगतिरत कार्यों, मांग, शिकायत आदि से जुड़ें आवेदनों की समीक्षा समय सीमा की बैठक में किया। सरपंच सचिव सहित अन्य व्यक्ति या संस्था द्वारा किए गए सरकारी संपत्ति पीडीएस का या योजनाओं के राशि का वित्तीय अनियमितता (गबन) के लिए कलेक्टर साहू ने एसडीएम और सीईओ को वसूली करने के लिए निर्देशित किया। सरसीवां क्षेत्र के किसानों द्वारा कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत किए राजस्व कार्यों फौती नामांतरण, बटांकन, सीमांकन, रिकार्ड दुरूस्ती, प्राकृतिक आपदा अंतर्गत पशु एवं जनहानि, आवास क्षति राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6-4 आदि आवेदनों पर कलेक्टर ने तहसीलदार को कहा कि ये आवेदन तहसील में देना चाहिए, कार्यालय में बैठते हो कि नहीं। तहसीलदार रूपाली मेश्राम ने कहा मैं कार्यालय में बैठती हूं सर, सभी लोग कलेक्टर कार्यालय आवेदन लेकर आते हैं। कलेक्टर ने एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ स्निग्धा तिवारी को पटवारियों के साथ बैठक कर समस्या का समाधान करने के लिए कहा। कलेक्टर ने फसल लगे जमीन को छोड़कर बाकी जमीन का सीमांकन करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार विगत माह में किए गए राजस्व पखवाड़ा के प्राप्त आवेदनों का रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पटवारी बस्ता का निरीक्षण करने एसडीएम और तहसीलदार को करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रदेश में आयुष्मान कार्ड, पीएम विश्वकर्मा पंजीयन, भूअर्जन, पीडीएस राशन दुकानों से वसूली, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर सलीहा की तैयारी के संबंध में अधिकारियों से बात की। बैठक में परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान, संयुक्त कलेक्टर एस.के. टंडन, एसडीएम डॉ. स्निग्धा तिवारी, अनिकेत साहू, डिप्टी कलेक्टर डॉ. वर्षा बंसल, सीएमएचओ डॉ. एफ.आर. निराला, कार्यपालन अभियंता विद्युत नरेन्द्र नायक, प्रभारी अधिकारी महिला एवं बाल विकास बृजेन्द्र ठाकुर, उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी, सहायक आयुक्त आदिवासी आशीष बनर्जी सहित तहसीलदारगण, सीईओ, सीएमओ, विभिन्न विभागों के एसडीओ सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU